कुलसचिव
Registrar

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर
**Maa Vindhyavasini University,**
**Mirzapur**
**Email-** registrarmvsuniversity@gmail.com

**दिनांक: 14 अगस्त, 2026**

## आवश्यक सूचना

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु पत्रांक-माँ वि0वि0/523/2026-27, दिनांक 18.07.2026 द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित कर आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त विज्ञप्ति द्वारा मात्र 02 आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं, जो अर्ह नहीं हैं।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के अनुमोदनोपरांत आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि 24.08.2026 तक विस्तारित की गयी है।

अतः माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर (राजकीय महाविद्यालय उमरिया, मझवा, मीरजापुर), पिन कोड- 231304 के पते पर आवेदन पत्र प्राप्त करने की **अन्तिम तिथि 24.08.2026** है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

कुलसचिव

**पत्रांक- माँ वि0वि0/कु0स0का0/632 /2026-27, तद् दिनांक।**
**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. मा0 कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी, एन0एस0एस0 प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश शासन।
4. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ।
5. समस्त सम्मानित संपादकगण से अनुरोध है कि उक्त सूचना को जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. संबंधित पत्रावली।
7. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

कुलसचिव
Registrar

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर
Maa Vindhyavasini University,
Mirzapur
Email- registrarmvsuniversity@gmail.com

दिनांकः 10 जुलाई, 2026

## आवश्यक सूचना

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु आवेदन-पत्र एवं समस्त प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-1309/सत्तर-रा0से0यो0को0-26/92, दिनांक 23.08.1999 में निम्नलिखित अर्हतायें निर्धारित की गयी हैं:-

(क) उसे विश्वविद्यालय या सम्बद्ध कालेज में रीडर/प्रवक्ता (चयन वेतनमान) / प्रवक्ता (वरिष्ठ वेतनमान) पद पर कार्यरत होना चाहिए।

(ख) सम्बद्ध कालेजों के प्रधानाचार्य जिन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि तथा रीडर का दर्जा प्राप्त हो, को भी समन्वयक की नियुक्ति के लिये विचार किया जा सकता है।

(ग) वह राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी के पद पर न्यूनतम तीन वर्ष तक रहा हो।

(घ) उसे प्रशिक्षण तथा अभिविन्यास केन्द्र/प्रशिक्षण अभिविन्यास तथा अनुसंधान केन्द्र से राष्ट्रीय सेवा योजना पर अभिविन्यास किया होना चाहिए।

(ङ) कार्यक्रम समन्वयक के चयन के समय उस पचास वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

**नोट-**

(1) माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर (राजकीय महाविद्यालय उमरिया, मझवा, मीरजापुर), पिन कोड- 231304 के पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त करने की **अन्तिम तिथि 05.08.2026** है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

(2) आवेदन पत्र का प्रारूप पत्र के साथ संलग्न है।

कुलसचिव

**पत्रांक- माँ वि0वि0/कु0स0का0/ 522 /2026-27, तद् दिनांक।**

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. मा0 कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी, एन0एस0एस0 प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश शासन।
4. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ।
5. समस्त सम्मानित संपादकगण से अनुरोध है कि उक्त सूचना को जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. संबंधित पत्रावली।
7. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

# माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर

**(कार्यक्रम समन्वयक पद हेतु आवेदन पत्र)**

1. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)-
   अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी में)-
2. पिता का नाम-
3. जन्म तिथि-
4. शैक्षिक योग्यता-
   स्नातक-
   परास्नातक-
   पी0एच0-डी0-
   अन्य-
5. सेवा में आने की नियुक्ति तिथि-
6. वर्तमान में कार्यरत संस्था का नाम-
7. वर्तमान धारित पद-
8. वेतनमान (रीडर/प्रवक्ता (चयन वेतनमान) / प्रवक्ता (वरिष्ठ वेतनमान) पद पर कार्यरत होना चाहिए)-
9. राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी के पद पर कार्य करने का अनुभव (वर्ष में)-
10. प्रशिक्षण तथा अभिविन्यास केन्द्र/प्रशिक्षण अभिविन्यास तथा अनुसंधान केन्द्र से राष्ट्रीय सेवा योजना पर अभिविन्यास किये होने का प्रमाण पत्र/अनुभव-
11. यदि सम्बद्ध कालेजों के प्रधानाचार्य जिन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि तथा रीडर का दर्जा प्राप्त हो, का उल्लेख किया जाये-
12. विज्ञापन प्रकाशन तिथि से आयु-
13. मोबाइल नम्बर-
14. ई-मेल आई0डी0-

अभ्यर्थी का नाम व हस्ताक्षर

**घोषणा-** मेरे द्वारा दिये गये उक्त समस्त विवरण सत्य एवं प्रमाणित हैं, अगर कोई विसंगति पायी जाती है तो मेरा आवेदन निरस्त करते हुए मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

अभ्यर्थी का नाम व हस्ताक्षर